an>

Title: Need to widen NH-8 from Delhi to Jaipur.

श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया (टोंक -सवाई माधोपुर): महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। जैसा कि आप जानते हैं कि हमारी राजस्थान की यशस्वी मुख्यमंत्री साहिबा वसुंधरा राजे ने इस मंदी के दौर में देश एवं विदेशों के उद्योगपतियों को राजस्थान में बुलाकर दो दिन तक रिसर्जेन्ट राजस्थान के माध्यम से करीब साढ़े तीन लाख करोड़ के एमओयू साइन करके यह सिद्ध करके दिखाया और माननीया मुख्यमंत्री ने इस मंदी के दौर में सभी उद्योगपतियों को बुलाकर राजस्थान में उद्योग लगाने के लिए आमंत्रित किया है।

आज देश-विदेश के पर्यटक राजस्थान में सबसे ज्यादा आते हैं। इसको और अधिक बढ़ावा देने के लिए मैं आपके माध्यम से माननीय गडकरी जी से निवेदन करना करना चाहूंगा और साथ-साथ यह मांग भी करूंगा कि दिल्ली से जयपुर के बीच नेशनल हाइवे नंबर 8 को चौड़ा किया जाए, क्योंकि इसी सड़क के माध्यम से उद्योगपति और ज्यादातर पर्यटक दिल्ली से जयपुर आते-जाते हैं। गुड़गांव से लेकर बिलासपुर तक एन.एच. 8 को दोनों तरफ 60-60 मीटर चौड़ा किया जाए। आज जब हम गुड़गांव से निकलते हैं तो दोनों तरफ इतना भारी ट्रैफिक है कि आदमी निकल नहीं पाता है। मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि नीमराणा, बाबल, धारूहेड़ा, भिवाड़ी, मानेसर एवं गुड़गांव आदि सबसे बड़े औद्योगिक हब हैं। इसके कारण नेशनल हाइवे नंबर 8 पर ट्रैफिक सुबह-शाम बहुत ज्यादा होता है। धन्यवाद।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Dr. Manoj Rajoria and

Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Sukhbir Singh Jaunapuria.